बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

दिनांक–27.01.2018 को बिहार कौशल विकास मिशन के पदाधिकारियों के टीम के द्वारा पुष्पांजलि ग्रूप के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र KYP code 06040001, बिहारशरीफ(नालन्दा) का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर क्लास रुम सत्र संचालित नहीं पाया गया तथा केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति संतोषप्रद नहीं पायी गयी न हीं इस केन्द्र पर किसी प्रकार का निरीक्षण पंजी उपलब्ध पाया गया ।

निरीक्षण में पाये गये त्रुटियों के आधार पर बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–BSDM/SDM-18/2017-135 दिनांक–05.02.2018 के द्वारा कौशल प्रशिक्षण केन्द्र पुष्पांजलि ग्रूप KYP code 06040001, बिहारशरीफ(नालन्दा) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में अध्यक्ष, पुष्पांजलि ग्रूप Welfare & Charitable trust के द्वारा अपने पत्र संख्या– PGWCT/C/01 दिनांक–07.02.2018 से अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा यह स्वीकार किया गया कि सरस्वती पूजा एवं गणतंत्र दिवस की छुट्टियों के कारण केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों की संख्या कम थी । उनके द्वारा यह भी स्वीकार किया गया कि क्लास रुम हेतु प्रशिक्षणार्थी की संख्या नगण्य होने के कारण उनके द्वारा उपस्थित छात्र को भी लैब में हीं दूसरे बैच के साथ सम्मलित कर दिया गया था । निरीक्षण पंजी के संबंध में उनके द्वारा यह कहा गया कि उनके केन्द्र के कुछ कर्मियों के अवकाश में रहने के कारण केन्द्र पर निरीक्षण पंजी उपलब्ध नहीं कराया जा सका, क्योंकि यह आलमीरा में बंद था तथा उस आलमीरा की चाभी उन्हीं कर्मी के पास थी जो अवकाश में थे ।

पुष्पांजलि ग्रूप Welfare & Charitable trust के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं है । प्रशिक्षणार्थियों की कम उपस्थिति के कारण क्लास रुम का संचालन रोक दिया जाये, कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण हेतु निर्धारित मानको के अन्तर्गत नहीं है । अतः इस बिन्दु पर उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । किसी कर्मी के अवकाश में रहने के कारण केन्द्र पर आवश्यक पंजियां उपलब्ध नहीं रहे यह भी स्वीकार करने योग्य नहीं है ।

अतः अध्यक्ष, पुष्पांजलि ग्रूप Welfare & Charitable trust से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है तथा कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र KYP कोड 06040001 पर क्लास रुम सत्र संचालित नहीं करने के प्रमाणित आरोप के लिए कठोर चेतावनी निर्गत की जाती है । साथ हीं इनके इस केन्द्र के माह जनवरी, 2018 बैच के Final Invice से 30% की राशि कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत किया जाता है कि भविष्य में यदि इस केन्द्र के संचालन में किसी प्रकार की कोई त्रुटि पायी जाती है तो इस केन्द्र पर छात्रों का नामांकन अवरुद्ध कर दिया जायेगा तथा नामांकित छात्रों का प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात इसे स्थायी रूप से बंद कर दिया जायेगा ।

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2016– 252 पटना,दिनांक– 05/3/2018

प्रतिलिपि– (1) अध्यक्ष, पुष्पांजलि ग्रूप Welfare & Charitable trust बिहारशरीफ, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे पुष्पांजलि ग्रूप, Welfare & Charitable trust के बिहारशरीफ (नालन्दा) के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र KYP Code 0600001 के माह जनवरी, 2018 बैच के Final Invoice से 30% की राशि कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, नालन्दा/ श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

(signature) 1/3/18

प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।